बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का पाँचवा सप्ताह प्रारम्भ

बालाघाट ,देशबन्धु। कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन निरंतर जारी है। 08 मार्च क्रियान्वित होने वाले इस कार्यक्रम के पांचवें सप्ताह में कौशल विकास पर जोर दिया गया। इस अवसर पर परियोजना वारासिवनी धानीटोला में किशोरी बालिकाओं, शाला त्यागी बालिकाओं और ग्रामीण महिलाओं को कौशल विकास के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी गई इसके अलावा, परियोजना बैहर में ग्रामीण महिलाओं को व्यंजन प्रतियोगिता के माध्यम से व्यंजनों में कौशल विकास की जानकारी दी गई। वहीं सबसे अच्छे व्यंजन बनाने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर प्रोत्साहित किया गया।

विद्यार्थी निरंतर सीखने की भावना को रखें जागृत

राज्यपाल ने पंडित शंभूनाथ विवि के दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

शहडोल, देशबन्धु। विद्यार्थी जीवन में नए अवसरों को प्राप्त करने और नई चुनौतियों के समाधान खोजने में अपने ज्ञान और कौशल को निरंतर अपडेट करते रहें। विद्यार्थी भावी जीवन में निरंतर सीखने की भावना जागृत रखें। तेजी से बदलते आज के तकनीकी युग की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में निरंतर ज्ञान की खोज समय की जरूरत है। इसीलिए विद्यार्थी जीवन में नए अवसरों को प्राप्त करने और नई चुनौतियों के समाधान खोजने में अपने ज्ञान और कौशल को निरंतर अपडेट करते रहें। विद्यार्थी इस बात को ध्यान में रखें की भावी जीवन में कैरियर की सफलताओं में माता-पिता, गुरूजन और समाज के जरूरतमंद पीछे नहीं छूटने चाहिए। दीक्षांत शपथ के दस्तावेज को सम्भाल कर रखें। प्रतिदिन उसे दोहराएं और उसके अनुसार आचरण करें। मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने यह बात आज पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कही।

राज्यपाल ने कहा कि दीक्षांत समारोह, विद्यार्थी और विश्वविद्यालय दोनों के लिए अत्यंत भावनात्मक और अविस्मरणीय पल होता है। नये भविष्य के निर्माण पथ पर आगे ब?ने का महत्वपूर्ण प?ाव होता है। राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने कहा कि सपने साहस और धैर्य से साकार होते हैं। जरूरत है तो बस असफलता से सीख कर, स्वयं में बदलाव करते हुए आगे ब?ने की।

राज्यपाल ने कहा कि शहडोल संभाग जनजातीय बाहुल्य संभाग है तथा यहां के विद्यार्थियों को मध्य प्रदेश के जनजातीय महानायक टंट्या मामा, रानी दुर्गावती, रानी कमलापति, रघुनाथ शाह एवं शंकर शाह सहित अन्य महानायकों ने प्राणों का बलिदान देकर देश एवं प्रदेश की रक्षा की है तथा स्वतंत्रता संग्राम में अपना योगदान दिया, ऐसे महान नायकों के बारे में उनके जीवन गाथाओं को प?ना, जानना एवं समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र में सिकल सेल एनीमिया एक व्यापक बीमारी है। जिसका जागरूकता ही बचाव है। सभी विद्यार्थी विद्या ग्रहण कर अपने-अपने क्षेत्र में जाकर सिकल सेल एनीमिया से बचाव हेतु जागरूकता फैलाए तथा जनजातीय लोगों का सिकल सेल एनीमिया की जांच भी कराएं, जिससे सिकल सेल एनीमिया जैसे घातक बीमारियों से बचा जा सके। मुझे खुशी है कि शंभू नाथ विश्वविद्यालय ने सिकल सेल एनीमिया के उपचार के लिए एवं लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए कार्य किया है।

दीक्षांत समारोह को विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, पं. शंभू नाथ विश्वविद्यालय शहडोल के कुलगुरु प्रो. राम शंकर, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलगुरु प्रो0 एडीएन. वाजपेयी ने भी संबोधित किया तथा विद्यार्थियों को गुरु शिष्य की परंपरा, भारतीय ज्ञान परंपरा, अनेक भारतीय विद्वान, पौराणिक एवं ऐतिहासिक विश्वविद्यालय, स्मृति, भाषा, पौराणिक ग्रंथ, शास्त्र एवं पद्धति, भारतीय त्यौहार एवं पर्व तथा भारतीय कवियों का व्याख्यान किया तथा गुरु एवं शिष्य के आत्मिकता से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी।

स्मारिका का किया गया विमोचन

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने पंडित शंभूनाथ विश्वविद्यालय शहडोल के चतुर्थ दीक्षांत समारोह का मां सरस्वती की वंदना के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इससे पहले विश्वविद्यालय की शोभा-यात्रा ने स्वस्तिवाचन के साथ सभागार में प्रवेश किया। कार्यक्रम में अतिथियों का शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। राज्यपाल श्री पटेल द्वारा विश्वविद्यालय के प्रतिभावान 45 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल एवं उपाधि प्रदान की गई।

समारोह में कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक अनुराग शर्मा, डीआईजी शहडोल जोन सुश्री सविता सोहाने, कलेक्टर केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव, पंडित शंभूनाथ विश्वविद्यालय के रजिस्टर डॉ. आशीष तिवारी सहित ब?ी संख्या में छात्र छात्राएं एवं उनके अभिभावक भी उपस्थित थे।

जन मन योजना के हितग्राहियों से संवाद

राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने शहडोल जिले में ग्राम पंचायत धुरवार में प्रधानमंत्री जन-मन योजना के हितग्राहियों से संवाद किया तथा योजना के लाभार्थियों से रू-ब-रू चर्चा कर जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व्दारा विशेष पिछ?ी जनजातियों बैगा, भारिया, सहरिया के परिवारों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा सामाजिक एवं आर्थिक उन्नयन के लिए विशेष योजना प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत संचालित करने के लिए बजट में 24 हजार करो? का प्रावधान किया है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने राजस्व विभाग, आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल एनीमिया प्रभावित लोगों को फूड बास्केट, कल्याणी योजना, ग्रामीण आजीविका परियोजना द्वारा गठित कंचन स्व-सहायता समूह को 1 लाख रूपये की सीआईएफ की राशि सहित हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किया।

नन भईया बैगा के घर किया भोजन

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने विशेष पिछ?ी जनजाति बैगा परिवार के नन भईया बैगा के घर ग्राम धुरवार में भोजन किया। बैगा परिवार व्दारा फंसई का चावल, इंदरहर की क?ी, लहसुन और टमाटर की सिलबट्टे से बनी चटनी, कुटकी की खीर, मिक्स वेज, पालक पनीर, सेमी की साग, पाप?, सलाद तवा रोटी का स्वाद चखा। उनके साथ जन मन योजना के हितग्राहियों, सरपंच मीरा बाई बैगा ने भी भोजन किया। गांव में पहुंचने पर राज्यपाल का जनजातीय संस्कृति के अनुरूप टिमकी तथा नगरिया से लैस नृत्य दल ने परंपरागत तरीके से स्वागत किया तथा नन भईया बैगा एवं ग्रामीणों ने कलश से अगुवाई कर स्वागत किया।

सार-समाचार

योजना समिति में समर्थन जुटाने कांग्रेसियों ने किया मंथन

शहडोल, देशबन्धु। जिला योजना समिति के सदस्यों के लिए 27 फरवरी को होने वाले चुनाव को लेकर कांग्रेस भी पूरी तरह से सक्रिय है। जिला योजना समिति के लिए नगर परिषद से सदस्य पद के लिए कांग्रेस पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती सरिता सिंह के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए पार्टी द्वारा नियुक्त प्रभारियों ने गत दिवस जयसिंहनगर में बैठक कर रणनीति तैयार की।

बैठक में नगर परिषद जयसिंहनगर के लिए जिला कांग्रेस शहडोल द्वारा नियुक्त प्रभारी व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जयसिंहनगर के पूर्व अध्यक्ष राम निहोर राव, राजेश मिश्रा और राजेश तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी राम निहोर राव ने बताया कि बैठक में इस बात पर विचार विमर्श किया गया कि कैसे नगर परिषद से अधिक से अधिक समर्थन पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी के प्रति जुटाया जा सके। इस महत्वपूर्ण बैठक में ब्लाक कांग्रेस कमेटी जयसिंहनगर अध्यक्ष ओ पी शुक्ला, सच्चितानन्द सिंह मुन्ना, चन्द्रमा प्रसाद तिवारी, सूरज पयाशी, श्रीकान्त पाण्डेय और राजेंद्र सोनी मौजूद रहे।

बोर्ड परीक्षा का पहला दिन, 41 केंद्रों में 4859 बच्चों ने दिया हिंदी का पेपर

उमरिया, देशबन्धु। जिले में हायर सेकंडरी स्कूल की हिंदी परीक्षा 41 केंद्रों पर संपन्न हुई। परीक्षा में कुल 4859 विद्यार्थियों में से 4422 नियमित और 437 स्वाध्यायी परीक्षार्थी शामिल हुए। जिले के तीन परीक्षा केंद्रों को अतिसंवेदनशील घोषित किया गया था।

राज्यपाल का जमुई हैलीपैड पर किया गया आत्मीय स्वागत

उमरिया, देशबन्धु। मध्यप्रदेश के माननीय राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल पंडित शंभूनाथ विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में शिरकत करने शहडोल जिले के जमुई हैलीपैड पहुचे। जमुई हेलीपैड पहुंचने पर माननीय राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल का जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, विधायक विधानसभा क्षेत्र जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता, पंडित शंभू नाथ विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर श्री रमाशंकर , पुलिस महानिरीक्षक शहडोल जोन श्री अनुराग शर्मा, डीआईजी सविता सुहाने, कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह,पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव, सहित अन्य प्राध्यापक एवं जनप्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत एवं अभिवादन किया।

पट्टे पर जलाशय प्राप्त करने के लिए 7 मार्च तक करें आवेदन

पन्ना, देशबन्धु। जिला पंचायत के अधिकार क्षेत्र के सिंचाई जलाशय को मत्स्य पालन, मत्स्याखेट एवं सिंघा?ा खेती के लिए 10 वर्षीय पट्टे पर दिया जाना है। इनमें औसत 100 हेक्टेयर से अधिक जल क्षेत्र के अमहा एवं पटना तालाब सिंचाई जलाशय शामिल हैं। पट्टे पर जलाशय लेने के इच्छुक समिति, समूह एवं व्यक्ति आगामी 7 मार्च तक जिला पंचायत कार्यालय पन्ना में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता क्रम अनुसार क्रमशः वंशानुगत मछुआ जाति, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछ?ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग की पंजीकृत मछुआ सहकारी समितियों का चयन किया जाएगा। उक्त प्राथमिकता क्रम की समिति पंजीकृत न होने पर क्रमशः प्राथमिकता अनुसार स्वसहायता समूह एवं मछुआ समूह को आवंटित किया जाएगा, किन्तु एक वर्ष में समिति का पंजीयन कराना आवश्यक होगा। इसके लिए वचन पत्र भी देना होगा अन्यथा पट्टा निरस्त कर दिया जाएगा। भविष्य में सिंचाई परियोजना निर्माण के दौरान विस्थापित होने वाले वंशानुगत मछुआ जाति को मत्स्य विकास के अधिकार में प्रथत प्राथमिकता रहेगी। आवश्यक दस्तावेजों अथवा अधिक जानकारी के लिए सहायक संचालक मत्स्य उद्योग कार्यालय पन्ना में संपर्क किया जा सकता है।

119 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण रूप से हुआ 12वीं का पहला पेपर

बालाघाट ,देशबन्धु। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 12 वी की परीक्षा मंगलवार से प्रारम्भ हुई है।

परीक्षाओं की तैयारी के सम्बंध में जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके उपाध्याय ने बताया कि कक्षा 12 वी का पहला प्रश्न पर मंगलवार को जिले के 119 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हुआ।

हिंदी प्रश्न पत्र में कुल 17879 परीक्षार्थियों ने प्रश्न पत्र हल किया। जबकि जिले में कुल 18179 छात्रों की उपस्थिति में से 300 विद्यार्थी अनुपस्थित रहें। पहला प्रश्न पत्र मंगलवार को सुबह 9 बजे से परीक्षा केंद्रों पर हलचल ब? गई थी। बालाघाट एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने नगर के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण आवश्यक व्यवस्थाओं ऑयर बोर्ड द्वारा निर्धारित मापदंडों का अवलोकन किया।

उन्होंने सीएम राइज स्कूल, उत्कृष्ठ विद्यालय, महात्मा गांधी मिडिल स्कूल का औचक निरीक्षण किया। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी भी परीक्षा केंद्रों से कोई भी अप्रिय सूचना नही प्राप्त हुई है। सभी केंद्रों पर परीक्षा निर्बाध्य रूप से माशिमं के निर्देशो के अनुरूप आयोजित हुई है।

बढ़ते सड़क हादसे यातायात व्यवस्था पर सवाल

बेतरतीब पार्किंग, नियमों के उल्लंघन और प्रशासनिक उदासीनता से हालात बेकाबू

उमरिया, देशबन्धु। जिले में सड़क हादसों की बढ़ती संख्या ने लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ा दी है। बीते सप्ताह हुए सड़क हादसों ने यातायात नियमों के प्रति लापरवाही और प्रशासन की उदासीनता को उजागर किया है। तेज रफ्तार, स्टंटबाजी, और सड़कों पर बेतरतीब खड़े बड़े वाहनों जैसे ट्रक, ट्रेलर, टैंकर, कैप्सूल, और डंपर दुर्घटनाओं के मुख्य कारण बन रहे हैं। इसके बावजूद पुलिस और यातायात विभाग के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन बदस्तूर जारी है, जिससे सड़क सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में कई सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें एक युवक की मौत हो गई और सात लोग घायल हुए हैं। स्टेशन रोड पर ज्वालामुखी तिराहे के पास एक बाइक के डिवाइडर से टकराने से गणेश चौधरी (30) की मौत हो गई, जबकि उनके दो रिश्तेदार सुभाष चौधरी और संजय चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा भी तेज रफ्तार और लापरवाही का परिणाम था।

घुनघुटी सहित जिले के मुख्य मार्गों पर रात के समय दर्जनों वाहन बिना पार्किंग लाइट और रेडियम की पट्टियों के खड़े देखे जा सकते हैं। यह लापरवाही अन्य चालकों के लिए घातक साबित हो रही है, क्योंकि रात में बिना संकेतक वाले इन वाहनों को देख पाना मुश्किल हो जाता है।

हाल ही में, जिला मुख्यालय के समीप एक ट्रेलर से टकराकर दो व्यापारियों की मौत हो गई थी, क्योंकि ट्रेलर के पीछे कोई चेतावनी चिह्न नहीं था, जिससे बाइक सवार धोखा खा गए। वाहन चालकों में पुलिस और यातायात विभाग का डर खत्म हो गया है, जिससे नियमों की अनदेखी हो रही है।

शनिवार को घुनघुटी में कई वाहन बिना लाइट जलाए हाईवे पर खड़े पाए गए। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि बिना पार्किंग लाइट के खड़े वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इसके अलावा, तेज रफ्तार, शराब पीकर वाहन चलाने और स्टंटबाजी पर भी सख्त नियंत्रण की जरूरत है। उमरिया में बढ़ते सड़क हादसों को रोकने के लिए पुलिस और यातायात विभाग को सख्त कार्रवाई करनी ही होगी।

नेशनल लोक अदालत के लिए हुई प्रि सिटिंग बैठक

पन्ना, देशबन्धु। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन में आगामी 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रि-सिटिंग बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इस क्रम में मंगलवार को विशेष न्यायाधीश एवं नेशनल लोक अदालत के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला न्यायालय के व्हीसी कक्ष में एनआई एक्ट के प्रकरणों से संबंधित बैंक अधिकारी व अधिवक्ताओं के साथ प्रि-सिटिंग बैठक आयोजित की गई। इसमें लंबित प्रकरणों में राजीनामा के जरिए निराकरण पर सहमति बनी। बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते, चीफ एलएडीसीएस आनंद कुमार त्रिपाठी, डिप्टी चीफ पवन पाण्डेय, दीपक उपाध्याय, शालिगराम तिवारी, सुरेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिवक्तागण एवं अधिकारी भी उपस्थित रहे।

पंचायतों में किया जाएगा बाहर काम पर जाने वाले व्यक्तियों का डाटा संधारण

बालाघाट, देशबन्धु। जिले की किसी भी पंचायत से अन्य प्रदेशों में काम करने के लिए जाने वाले व्यक्तियों का व्यवस्थित डेटा संधारण का कार्य किया जाएगा। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने श्रम विभाग की जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्देश दिए है। उन्होंने बैठक में विभाग और समिति के अशासकीय सदस्यों से जिले की वर्तमान स्थिति तथा अब तक सामने आये प्रकरणों व उनके निराकरण में हई दिक्कतों के सम्बंध में जाना।

उन्होंने निर्देश दिए है कि जिला पंचायत की ओर से एक निर्धारित प्रारूप में डेटा संधारण के लिए पत्र जारी कराए।

इसके लिए एक पंजीयन रजिस्टर बनाएं जिसमें बाहर जाने वाले व्यक्तियों का नाम, बाहर जाने का स्थान, काम, कार्य का विवरण, संपर्क नम्बर,किसके माध्यम से गए तथा किनके पास गए इत्यादि की जानकारी रजिस्टर में इंट्री पंचायतों द्वारा की जाएगी।

इसके निगरानी विभाग के निरीक्षकों द्वारा इस रजिस्टर का नियमित अवलोकन कर संधारण के सम्बंध में सरपंच व सचिव से आवश्यक समन्वय करेंगे। बैठक में श्रम पदाधिकारी सुश्री दामिनी सिंह और विभाग के निरीक्षक श्री राकेश ठाकरे तथा अशासकीय सदस्य मौजूद रहें। बैठक में विभागीय जानकारियों के सम्बंध में निरीक्षक श्री ठाकरे ने विभाग के श्रम सेवा पोर्टल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विभाग के पोर्टल पर बंधक श्रम की सूचना किसी भी व्यक्ति, संस्था या संगठन एवं रोजगार में स्वयं श्रमिक शिकायत/जानकारी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

पोर्टल पर कोई भी बता सकता है बंधक श्रम की जानकारी

विभाग द्वारा वर्ष 2021-22 में 10 बाल श्रम व 19 बंधक श्रमिकों को नांदे से मुक्त कराया गया। वहीं कि2022 में बंधक श्रमिक 10 व बाल श्रम में 2 प्रकरणो में सोल्हापुर से मुक्त कराया गया है।

बंधक श्रम अधिनियम 1976 के अंतर्गत वर्ष 2021 में 18 श्रमिकों को प्रति श्रमिक 20 हजार रुपये के हिसाब से, 2022 में सोल्हापुर से बंधक मुक्त कराने के बाद प्रति श्रमिक 30 हजार रुपये प्रदान किये गए। वहीं महाराष्ट्र के ही गंगाखे से 6 बंधक श्रमिकों को मुक्त कराकर 1 लाख 80 हजार रुपये प्रदान सहायता राशि दी गई।

युवा संगम मेला में सौ आवेदक चयनित

पन्ना, देशबन्धु। शासन के निर्देशानुसार युवा संगम कार्यक्रम के तहत मंलगवार को शासकीय आईटीआई पन्ना में युवा संगम मेला आयोजित किया गया। इस रोजगार, अप्रेंटिसशिप एवं स्वरोजगार मेला में कुल 100 आवेदकों का चार निजी कम्पनियों में विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के लिए चयन किया गया।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि पन्ना जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के कुल 120 आवेदकों द्वारा पंजीयन कराया गया था। इनमें से आईपीएस ग्रुप रीवा में 28, भिलाई छत्तीसग? की माइंडलैब्ज मीडिया टेक प्रा.लि. में 30, कोलार कर्नाटक के होण्डा मोटरसाईकिल्स एण्ड स्कूटर प्रा.लि. में 32 तथा साणंद गुजरात की क्रीस क्रॉप ऑटोमोबाइल लि. में 10 आवेदक चयनित किए गए।

जनजातीय गौरव दिवस पर कार्यशाला एवं प्रदर्शनी

बालाघाट, देशबन्धु। शासकीय शंकर साव पटेल कला, वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय वारासिवनी के प्राचार्य डॉ. हेमन्त कुमार मण्डाले के मार्गदर्शन में मंगलवार को भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला एवं जनजातीय नायकों के चलचित्रो की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जनजातीय समुदाय किस प्रकार संस्कृति और पर्यावरण का संरक्षण अनेक वर्षो से कर रहे है के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के तारतम्य में मुख्य वक्ता डॉ. घनश्याम परते द्वारा महारानी दुर्गावती के त्याग और अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन के बारे में विस्तृत रूप से समझाते हुए भगवान बिरसा मुण्डा, महाराज शंकर शाह, रघुनाथ शाह, टंट्या भील के त्याग। और अंग्रेजो के खिलाफ आंदोलन पर विस्तृत जानकारी प्रदाय की गई।